कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.04.2024

विषयः- थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा कुल 01 किलो 139 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त स्माईल अली गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 नफ़र अभियुक्त स्माईल अली पुत्र मुख्तार हाश्मी निवासी ग्राम बाबतपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को दिनांक-31.03.2024 को समय करीब 14.30 बजे वाराणसी-गाजीपुर बार्जर के नजदीक ग्राम बाबतपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 1390 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-080/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि पैसों की लालच में मैं गांजा ले आकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचा करता हूँ जिससे मेरा खर्चा चल जाता है। मेरे इस झोले में गांजा जिसे मैं आज बेचने के लिए जा रहा था किन्तु आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

स्माईल अली पुत्र मुख्तार हाश्मी निवासी ग्राम बाबतपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

कुल 01 किलो 139 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 अभिषेक पाण्डेय चौकी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 लवकुश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अवधेश यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।